उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,
लखनऊ – 226010

संख्या- 111 /03/कम्प्यूटर अनुभाग (बारह)/2024/10-परीक्षा/2023

लखनऊ : दिनांक : 18 दिसम्बर, 2024

आवश्यक सूचना

आयोग के विज्ञापन संख्या-09-परीक्षा/2022, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा(प्रा०अ०प०-2021)/09 के अंतर्गत अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ०प्र० शासन के नियंत्रणाधीन कनिष्ठ सहायक के कुल 62 पदों पर चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए थे, जिसमें ऑनलाइन आवेदन सबमिट करने की अंतिम तिथि 08.01.2023 थी। तदुपरांत आयोग की आवश्यक सूचना दिनांक 26 जुलाई, 2024 द्वारा उक्त विज्ञापित 62 पदों के सापेक्ष 08 पदों को रोकते हुए अवशेष 54 पदों के सापेक्ष लम्बवत एवं क्षैतिज आरक्षणवार पदों का विवरण प्रकाशित किया गया था एवं सूचित किया गया था कि तदनुसार ही चयन सम्बन्धी अग्रेतर कार्यवाही की जायेगी।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत कुल रिक्त 54 पदों पर चयन के लिये प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2021 के स्कोर में वास्तविक (Absolute) स्कोर अथवा नार्मलाइज्ड (Normalised) स्कोर में शून्य या उससे कम/नकारात्मक अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को शार्टलिस्ट न करते हुये, प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर कनिष्ठ सहायक के रिक्त कुल 54 पदों के सापेक्ष श्रेणीवार 15 गुना (समान कटऑफ अंक प्राप्त करने वाले सभी अभ्यर्थियों को सम्मिलित करते हुये) के अनुसार 1858 अभ्यर्थियों का परिणाम एवं कटऑफ अंक को मा० आयोग के निर्णय दिनांक 18.12.2024 द्वारा मुख्य परीक्षा हेतु अनुमोदित किया गया है।

उक्त के क्रम में प्रश्नगत विज्ञापन से सम्बन्धित समस्त अभ्यर्थियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)-2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये अभ्यर्थियों का परिणाम एवं गोपन अनुभाग के पत्र सं0-1089/गोपन/01/07/2024, दिनांक 18.12.2024 द्वारा संसूचित उक्त परिणाम से सम्बन्धित कटऑफ अंक (01 पृष्ठ) यथावत आयोग की वेबसाइट upsssc.gov.in पर अपलोड कर दी गयी है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध उक्त परिणाम से सम्बन्धित लिंक पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित कर अपना परिणाम देख सकते हैं।

प्रश्नगत विज्ञापन के अंतर्गत मुख्य परीक्षा हेतु शार्टलिस्ट किये गये 1858 अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अनारक्षित व अन्य पिछड़ा वर्ग श्रेणी के अभ्यर्थियों को 200 रू0 तथा अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों को 80 रू० ऑनलाइन शुल्क जमा करना होगा। दिव्यांग अभ्यर्थियों द्वारा कोई शुल्क देय नहीं होगा।

मुख्य परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध Main Examination Fee Deposition विकल्प पर जाकर वांछित प्रविष्टियां अंकित करते हुए शुल्क जमा करने की कार्यवाही पूर्ण कर सकते हैं।

महत्वपूर्ण नोट- मुख्य परीक्षा हेतु निर्धारित शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश पत्र जारी करने के सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को पृथक से वेबसाइट के माध्यम से यथासमय सूचित किया जाएगा।

18/12/2024

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमतीनगर,लखनऊ।

संख्याः– 1089/गोपन/01/07/2024
लखनऊः दिनांक 18 दिसम्बर, 2024

आयोग के विज्ञापन संख्या–09–परीक्षा/2022, कनिष्ठ सहायक मुख्य परीक्षा–(प्रा0अ0प0–2021)/09 के अंतर्गत रिक्त कुल 54 पदों पर चयन हेतु प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (PET)–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर मुख्य परीक्षा के लिये अर्ह पाये गये अभ्यर्थियों का कट ऑफ अंकः–

लम्बवत आरक्षण–

क्र0 सं0	लम्बवत श्रेणी	कट–ऑफ अंक (PET–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर)
1	अनारक्षित	81.03
2	अनुसूचित जाति	79.61
3	अनुसूचित जनजाति	63.90
4	अन्य पिछड़ा वर्ग	81.03
5	आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग	81.03

क्षैतिज आरक्षण–

<table>
<tr><th>क्र0 सं0</th><th colspan="3">क्षैतिज श्रेणी</th><th>कट–ऑफ अंक
(PET–2021 के नार्मलाइज्ड स्कोर के आधार पर)</th></tr>
<tr><td>1</td><td colspan="3">स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के आश्रित</td><td>72.48</td></tr>
<tr><td>2</td><td colspan="3">भूतपूर्व सैनिक</td><td>73.02</td></tr>
<tr><td>3</td><td colspan="3">महिला</td><td>79.84</td></tr>
<tr><td>4</td><td colspan="3">उत्कृष्ट खिलाड़ी</td><td>वांछित संख्या में अभ्यर्थी सम्बन्धित मूल श्रेणी में सम्मिलित हैं।</td></tr>
<tr><td rowspan="9">5</td><td rowspan="9">दिव्यांगजन</td><td rowspan="2">(क) दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टिहीनता</td><td>(B)</td><td>–</td></tr>
<tr><td>(LV)</td><td>64.84</td></tr>
<tr><td>(ख) बधिर और श्रवण शक्ति में ह्रास</td><td>–</td><td>–</td></tr>
<tr><td rowspan="3">(ग) प्रमस्तिष्कीय अंगघात, उपचारित कुष्ठ, बौनापन, एसिड आक्रमण पीड़ित और मांसपेशीय दुष्पोषण सहित चलन क्रिया सम्बन्धी निःशक्तताः</td><td>(OL)</td><td>73.55</td></tr>
<tr><td>(Dw)</td><td>31.56</td></tr>
<tr><td>(AAV)</td><td>अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं हैं।</td></tr>
<tr><td>(घ) स्वपरायणता, बौद्धिक निःशक्तताः, विशिष्ट अधिगम निःशक्तता और मानसिक अस्वस्थताः</td><td>–</td><td>–</td></tr>
<tr><td>(ड़) खण्ड (क) से (घ) के अधीन आने वाले व्यक्तियों में से बहु निःशक्तताः, जिसके अन्तर्गत प्रत्येक निःशक्तताः के लिए अभिज्ञानित पदों में बधिर–अंधता सम्मिलित है।</td><td>–</td><td>–</td></tr>
</table>

(अवनीश सक्सेना)
सचिव।